# यूको मासिकी - वाराणसी अंचल

वर्ष - 3 * अंक - 2 * अप्रैल, 2021



तमसो मा ज्योतिर्गमय

## संरक्षक

**श्री घनश्याम परमार**
उप महाप्रबंधक
एवं
अंचल प्रमुख

## संपादक मण्डल

**श्री एस के सिन्हा**
उप अंचल प्रमुख

**वेद प्रकाश**
मुख्य प्रबंधक

**सुश्री पूनम कुमारी प्रसाद**
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)

## संपादन

**सुश्री पूनम कुमारी प्रसाद**
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)

## इस अंक में........


| क्र. | विवरण | पृ. सं. |
|---|---|---|
| 1 | अंचल प्रमुख का संदेश | 3 |
| 2 | संपादकीय | 4 |
| 3 | वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु वार्षिक कार्यक्रम | 5 |
| 4 | अंबेडकर जयंती | 6 |
| 5 | पृथ्वी दिवस | 7 |
| 6 | धरती माँ हूँ मैं (कविता) | 8 |
| 7 | विश्व पुस्तक दिवस | 8 |
| 8 | मुख पृष्ठ के बारे में | 9 |



**संपर्क सूत्र**
यूको बैंक, अंचल कार्यालय, वाराणसी,
धनश्री कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, डी - 63/8 1एम,
मौज़ा - तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी 221010
दूरभाष: 0542-2223323 ई-मेल: zo.varanasi@ucobank.co.in


पत्रिका में प्रकाशित विचार संबंधित रचनाकारों के अपने विचार है, उनसे संपादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

यूको मासिकी - वाराणसी अंचल का प्रकाशन हमारी मातृ संस्था यूको बैंक, वाराणसी अंचल में एवं विश्व पटल पर प्रतिमाह घटित नवीन गतिविधियों एवं उपलब्धियों से सभी यूकोजन को अवगत कराने के लिए किया जा रहा है। हम आशा करते हैं कि यूको मासिकी - वाराणसी अंचल को सफल बनाने में वाराणसी अंचलाधीन सभी स्टाफ सदस्य सक्रिय रूप से अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

# अंचल प्रमुख का संदेश



**घनश्याम परमार**
उप महाप्रबंधक
एवं
अंचल प्रमुख

प्रिय साथियो,

साथियो वित्तीय वर्ष 2020-21 के वार्षिक परिणामों की घोषणा हो चुकी है। परिणाम हम सभी के परिश्रम के अनुरूप सकारात्मक एवं बहुत ही अच्छा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020-21 का हमारा कुल परिचालनगत लाभ रु. 5420 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना से 12% अधिक है। बैंक ने इस उपलब्धि पर सभी यूकोजन को 10 दिन के पीएलआई का भुगतान किया। निश्चित रूप से हम सभी इसके हकदार थे। लेकिन हमें और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है ताकि हमें 15 दिन का पीएलआई मिले। वित्तीय वर्ष 2021-22 में हमें यह चमत्कार कर दिखाना है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 में बैंक का शुद्ध लाभ रु.167 करोड़, शुद्ध एनपीए रु.4399 करोड़ (3.94%) रहा। वित्तीय वर्ष 2020-21 में बैंक का ब्याज से कुल आय रु.14446 करोड़ तथा ब्याजेतर आय रु. 3720 करोड़ रहा। वित्तीय वर्ष 2020-21 में बैंक का कुल आय रु.18166 करोड़ रहा।


हमें दैनिक आधार पर एसजीएनपीए सूची में शमिल ऋण खातों में वसूली करनी है। एनडीएनडी योजना के तहत सभी योग्य अनर्जक ऋण खातों का निपटान दिनांक 30.06.2021 तक सुनिश्चित करना है। यूको संजीवनी एवं यूको आरोग्यम (एमएसएमई) के तहत एवं यूको कवच (रिटेल) योजना के तहत अधिकतम संख्या में ऋण प्रदान कर योजनाओं को सफल बनाना है। यूको वैक्सी - 999 योजना के तहत दैनिक आधार पर कम से कम 5 खातें खोलने हैं।

मार्च, 2021 तिमाही से कासा एवं अग्रिम में नकारात्मक प्रदर्शन कर रही शाखाओं को तत्काल अपना प्रदर्शन सुधारने की आवश्यकता है।

हमें रिटेल ऋण के तहत बहुत विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कासा वृद्धि हेतु दैनिक आधर पर अधिकतम संख्या में चालू एवं बचत बैंक खातें खोलने की आवश्यकत है। सभी शाखाओं को वित्तीय वर्ष 2021-22 में चालू खाता क्षेत्र में रु.1 करोड़ की अतिरिक्त वृद्धि करनी है।

सभी ग्राहकों को बैंक के डिजिटल उत्पादों में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करना है। यह समय बीमा उत्पादों की बिक्री के लिए उपर्युक्त है, अतः हमें अधिकतम संख्या में हेल्थ इंश्योरेंस (केयर)/लाइफ इंश्योरेंस (एसबीआई) को बढ़ावा देकर गैर वित्तीय आय का अर्जन करना। “डोर स्टेप बैंकिंग” योजना के तहत हमें अधिकतम संख्या में ग्राहकों को पंजीकृत करना है।

कोरोना महामारी के समय आपके एवं आपके परिवार के सदैव स्वस्थ रहने की कामना करता हूँ।



(घनश्याम परमार)
उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख



पूनम कुमारी प्रसाद
वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा

# संपादकीय

साथियो,


“यूको मासिकी - वाराणसी अंचल” का अप्रैल, 2021 अंक आपको समर्पित है। वित्तीय वर्ष 2020-21 के हमारे बैंक के परिणाम ने निश्चित रूप से हम सभी यूकोजन में नई प्राण उर्जा का संचार किया है। सभी को बहुत- बहुत बधाई एवं चालू वर्ष 2021-22 हेतु शुभकामनाएं।

अप्रैल, 2021 माह में कोविड-19 की दूसरी लहर बहुत घातक तरीके से प्रभावी थी। लोगों की सुरक्षा हेतु सम्पूर्ण भारतवर्ष में लॉकडाउन लागू कर दिया था। हमारे कई साथी एवं उनके परिवार के सदस्य कोरोना संक्रमित भी हुए एवं स्वास्थ्य लाभ भी कर गए हैं। कोरोना से बचाव हेतु टीकाकरण के साथ-साथ दैनिक आधार पर सभी जरूरी दिशानिर्देशों का पालन अनिवार्य है।

कोविड -19 के बढ़ते खतरे को देखते हुए बैंक स्टाफ सदस्यों को कई महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान कर रहा है। बैंक ने कोविड -19 के कारण स्टाफ की अकास्मिक मृत्यु पर परिवार के सदस्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए मुआवजा स्वरूप रु. 20.00 लाख देने की घोषणा की है। बैंक ने ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर की खरीद के लिए मीयादी ऋण एवं सभी स्टाफ के लिए ब्याज रहित अग्रिम वेतन सुविधा प्रदान की है। बैंक कोविड टेस्ट के लिए स्टाफ को लागत व्यय की प्रतिपूर्ति भी कर रहा है। बैंक महामारी के दौरान शारीरिक रूप से दिव्यांग स्टाफ एवं गर्भवती महिला स्टाफ के लिए घर से कार्य करने की सुविधा भी प्रदान कर रहा है।

सावधानी ही बचाव है। सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

शुभकामनाओं सहित...........



(पूनम कुमारी प्रसाद)
वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा)

# वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक कार्यक्रम
# संघ की राजभाषा नीति

- विदेश स्थित भारतीय कार्यालयों सहित सभी मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि की लेखन सामग्री, नाम पट्ट, सूचना पट्ट, फार्म, प्रक्रिया संबंधी साहित्य, रबड़ की मोहरें, निमंत्रण पत्र आदि अनिवार्य रूप से हिंदी-अंग्रेजी में बनवाएं जाएं।
- हिंदीतर राज्यों में बोर्ड, साइन-बोर्ड, नाम पट्ट तथा दिशा संकेतकों के लिए क्षेत्रीय भाषा, हिंदी तथा अंग्रेजी इसी क्रम में प्रयोग की जानी चाहिए।

## बैंकिंग शब्दावली

| | |
|---|---|
| शोधक्षम देनदार | Solvent debtor |
| कीमत समायोजन | Making up price |
| पृष्ठांकन/ बेचान करना/ समर्थन /पुष्टि करना/परांकन करना | Endorse |
| अप्रकट/अंतर्निहित पूंजी | Latent capital |
| मूल्य समायोजक बाजार (मांग पूर्ति में परिवर्तन से मूल्य में तुरंत समायोजन करनेवाले बाजार) | Price cleaning markets |
| योजना को प्रायोगिक तौर पर चलाकर देखना | Mock run of Scheme |

## बैकिंग टिप्पणी

| | |
|---|---|
| आपको किस मूल्यवर्ग़ के नोट चाहिए | In which denomination do you want payment |
| आपकी सावधि जमा के नवीकरण का समय हो गया है | Your term deposit receipt is due for renewal |
| जांच की और सही पाया | Verified and found correct |
| काइट फ्लाइंग लेनेदेन, चेकों के शोधन में हेराफेरी करना, | Kite flying operations. |
| एकबारगी निपटान के लिए ऋणी को बुलाएं | Please call the borrower for one - time settlement |
| नकद प्रवाह विवरण से आय स्रोत की जानकारी मिलती है | .Cash flow statement indicates the source of income. |

## सुविचार शृंखला

- हमारा मकसद जीवन में सफलता पाना जरूर होना चाहिए लेकिन दूसरों को असफल करने का लक्ष्य कभी न बनाएं।
- समझदार इंसान न किसी की बुराई करता है और न किसी की बुराई सुनता है।
- आरंभ कर देना ही आगे निकल जाने का रहस्य है।
- प्रत्येक अनुभव से शक्ति, साहस एवं आत्मविश्वास बढ़ता है।

# अंबेडकर जयंती






अंचल कार्यालय वाराणसी में दिनांक 14.04.2021 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती का पालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु स्टाफ सदस्यों ने सामाजिक दूरी एवं अन्य सुरक्षात्मक उपायों का अनुपालन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में सहायक महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख श्री घनशयाम परमार, उप अंचल प्रमुख श्री संजय कुमार सिन्हा, मुख्य प्रबंधक श्री वेद प्रकाश एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



# पृथ्वी दिवस




व्यापक प्रदूषण की प्रतिक्रिया स्वरूप, विस्कॉन्सिन से एक अमेरिकी सीनेटर, जेराल्ड नेल्सन ने पर्यावरणीय शिक्षण या पृथ्वी दिवस की शुरुआत 22 अप्रैल, 1970 में की थी। दुनिया के 192 देशों में पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2021 का थीम है - “Restore Our Earth”.

इस दौरान पर्यावरण से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों में शामिल है:- पुनः चक्रीकरण को बढ़ावा देना, ऊर्जा की प्रभाविता में सुधार करना और डिस्पोज़ेबल वस्तुओं में कमी लाना, ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा एवं प्राकृतिक संसाधनों के सही इस्तेमाल की जानकारी आदि।

पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है जिसमें जल, पर्यावरण, वन, वन्यप्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक शामिल है। पृथ्वी को बचाने का आशय है इससे जुड़े सभी संसाधनों की रक्षा करना तथा प्रकृतिक संसाधनों का अनावश्यक दोहन रोकना। लेकिन इसके लिए किसी एक दिन को ही माध्यम बनाया जाए, यह उचित नहीं है। हमें प्रत्येक दिन पृथ्वी दिवस के रूप में मनाना चाहिए और दैनिक आधार पर इसे बचाने के लिए कुछ न कुछ प्रयास करते रहना चाहिए।

पृथ्वी के पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलिथीन के उपयोग को नकारें, कागज का इस्तेमाल कम करें और चक्रीकरण प्रक्रिया को बढ़ावा दें क्योंकि जितनी अधिका मात्रा में खराब सामग्री रिसाइकल होगी, उतना ही पृथ्वी का कचरा कम होगा।

**इस पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा खतरा हमारा यह मानना है कि कोई और इसे बचाएगा।**

**Greatest threat to our planet is the belief that someone else will save it.**

कविता

# धरती माँ हूँ मैं

| | |
|---|---|
| मेरी गोद में पले जग सारा,<br>हर प्राणी की जान हूँ मैं<br><br>समझूँ भेद का मैं ना इशारा,<br>सबके लिए समान हूँ मैं<br><br>भरती अनाज से घर मैं तुम्हारा,<br>समस्या का समाधान हूँ मैं<br><br>धरती माँ जिसने भी पुकारा,<br>उसके लिए महान हूँ मैं | कभी मैं चंचल बहती धारा,<br>कभी सूखा रेगिस्तान हूँ मैं<br><br>हर किसान का बनूँ सहारा,<br>खेत हूँ और खलिहान हूँ मैं<br><br>जिसको हर मिटाने वाला हारा,<br>वो अमिट निशान हूँ मैं।<br><br>अज्ञात |

# विश्व पुस्तक दिवस




## किताबें झांकती हैं, बंद अलमारी के शीशों से

23 अप्रैल को प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक दिवस तथा कॉपीराइट दिवस के रूप में मनाया जाता है। 23 अप्रैल, 1995 में पहली बार यूनेस्को द्वारा विश्व पुस्तक दिवस की शुरुआत की गई। पढ़ना, प्रकाशन और प्रकाशनाधिकार को पूरी दुनिया के लोगों के बीच बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को द्वारा आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

विश्व पुस्तक तथा कॉपीराइट दिवस मनाने का उद्देश्य पुस्तक पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना है। वर्तमान समय में जब लोग कम्प्यूटर एवं मोबाइल के कारण पुस्तकों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे समय में विश्व पुस्तक दिवस का महत्व बढ़ जाता है।

मिल गया तुम्हें जब इंटरनेट
तुम हमसे किनारा कर बैठे
धूल सज्जित पुस्तक बिसरा के
ई-बुक का सहारा कर बैठे।

# मुख पृष्ठ के बारे में

## पूर्वांचल का धान का कटोरा (चंदौली)



वाराणसी अंचल स्थित चंदौली जिला को पूर्वांचल का धान का कटोरा कहा जाता है। चंदौली में धान की अच्छी पैदावार होती है। यहाँ 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती होती है। यहाँ कई प्रकार के धान की खेती होती है, उनमें से एक है औषधीय गुणों से युक्त काला धान। चंदौली में चाक हाओ (काला धान) नागालैंड से लाया गया था। केंद्रीय मंत्री मेनका गाँधी ने चंदौली में नाको हाओ की खेती करने का प्रस्ताव यहाँ के किसानो को दिया था। जिले में नागालैंड से चाक हाओ (काला धान) का 15 किलो बीज मँगाया गया था। जिला प्रशासन ने ड्रीम प्रोजेक्ट के तौर पर इसकी शुरुआत की और 15 किसानों ने प्रदर्शन के तौर पर इसकी खेती की। काला धान का प्रति हेक्टेयर उत्पादन 35 क्विंटल है। इसकी न्यूनतम कीमत 8500 रुपये प्रति क्विंटल है।

प्रशासन की पहल पर काला चावल को कलेक्टिव मार्क यानि विशेष उत्पाद की मान्यता मिली है। चंदौली कृषि उत्पाद में यह मार्क दिलाने वाला प्रदेश का इकलौता जिला है।

इंडियन राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट हैदराबाद, फूड टेक्नॉलाजी इंस्टीट्यूट प्रयागराज और इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट बीएचयू ने इसकी गुणवत्ता की जाँच कर इसमें फाइअबर, बिटामिन ई, जिंक और आयरन होने की पुष्टि की है। इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

गुणवत्ता, बेहतर उत्पादन व अच्छी कीमत के कारण धान के कटोरे में साल दर साल इसकी खेती का रकबा बढ़ रहा है। अपनी खासियत के कारण देश के बड़े महानगरों के मॉळ, होटलों व दुकानों के साथ-साथ विदेशों में इस चावल की मांग बढ़ गई है। चंदौली से काला चावल का निर्यात आस्ट्रेलिया सहित विश्व के कई देशों में किया जा रहा है।




**धन्यवाद**

**तमसो मा ज्योतिर्गमय**